तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

चलित प्रयोगशाला में 179 नमूनों की जांच में 165 मानक और... 10


अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में स्वयंसेवकों... 10














**कार्रवाई:** कच्ची शराब पर आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

# 7 लाख रुपए की अवैध महुआ शराब व निर्माण सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कच्ची शराब पर आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर सात चढ़ी भट्ठी में मदिरा निर्माण कार्य करते हुए 680 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 268 प्लास्टिक बोरियों में भरा हुआ महुआ लाहन कुल 11400 किलोग्राम जब्त किया गया।, जिसकी कुल कीमत 706000 रुपए आंकी गई है।

दीपावली त्यौहार को देखते हुए अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. संगीता एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश के अनुक्रम तथा प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधिष कुमार कोष्ठी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के दौरान 28 अक्टूबर को जिला की संयुक्त टीम में आबकारी वृत्त बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद आंतरिक द्वारा ग्राम (पठारिपाली) बेलडीह पठार सागुन भूतका में बेलडीही नाला के किनारे दो अलग-अलग जगह में झाड़ियों में कुछ लोग शराब निर्माण करते दिखाई दिए, जो आबकारी टीम को देख भागने लगे तो पीछा किया गया। अंत में जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे। तलाशी के दौरान अलग-अलग जगह पर छिपाकर रखा हुआ 268 प्लास्टिक बोरियों कुल 11400 किलोग्राम तथा अलग-अलग बर्तन में भरी हुई 680 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा बरामद कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34 (1) ए, ई, एफ एवं 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक ह्रदय कुमार तिरपुड़े, दरशराम सोनी, मुकेश कुमार वर्मा, शिवशंकर नेताम, विकाश बढ़ेंद्र एवं आबकारी आरक्षक राजकिशोर पांडे, देवेश मांझी एवं समस्त आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे।

## जिले में हाथी की फिर धमक दर्जनों गांव को किया अलर्ट

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर हाथियों का आतंक देखने को मिल सकता है क्योंकि बीती रात को एक छोटू नामक हाथी गरियाबंद जिले से महासमुंद जिले में प्रवेश कर चुका है। फलस्वरूप जिले के दो दर्जन गांवों को हाई अलर्ट किया गया है। वन विभाग द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से गांवों में सूचना दी गई है कि किसी भी हाल में जंगल नहीं जाएं। मिली जानकारी के अनुसार छोटू वर्तमान में खड़सा के खेतों में विचरण कर रहा है। उक्त दंतैल कभी भी सूखा नदी पार कर सरकड़ा, सोरिद खुर्द की ओर बढ़ सकता है। उक्त गांवों में प्रवेश की संभावना को ध्यान में रखते हुए खंड़सा, सरकड़ा, बोरिद, बलरामपुर, बाम्हनडीह, मंदबाय, धनसुली, जीवतरा, परसदा, लभरा, बकमा, कोना, खट्टी, केशवा, बिजराडीह, बोरियाझर, झालखम्हरिया, मुढ़ेना, उमरदा, अरंड, पतेरापाली, गौरखेड़ा, सोरिद को अलर्ट किया गया है।



मालूम हो कि माह भर पूर्व ही 3 हाथियों का दल तथा एक पृथक अकेला हाथी लंबे समय तक विचरण करता रहा। जानकारी के मुताबिक एक 26 हाथियों का दल फिलहाल बारनवापारा के जंगल में है, जबकि 3 हाथी क्षेत्र में लगातार घूम रहे हैं। धान कटाई के दौरान इन हाथियों की फिर से क्षेत्र में विचरण की संभावना है। 27 अक्टूबर को एक दंतैल हाथी छोटू जीवतरा और धनसुली के खेत से होते हुए जीवतरा और बकमा रोड को पार कर कक्ष क्रमांक 79 के जंगल में प्रवेश किया है। आज वह कोना और केशवा की ओर बढ़ रहा है। मालूम हो कि माह भर पूर्व ही 3 हाथियों का दल तथा एक पृथक अकेला हाथी लंबे समय तक विचरण करता रहा।

## तीन किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक सवार व्यक्ति से वाहन चेकिंग के दौरान सिंघोडा पुलिस ने तीन किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक सिल्वर कलर के ग्लैमर मोसा क्रमांक सीजी 06 जीटी 8148 में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। इसके बाद ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। बाइक सवार के वहां पहुंचने पर उससे पूछताछ की गई जिस पर उसने अपना नाम किरात भोई पिता केशबो भोई (50 साल) निवासी सिरबोड़ा बताया। तलाशी के दौरान आरोपी की बाइक के सीट कवर के अंदर 3 किलोग्राम खुला मादक पदार्थ गांजा कीमत 45 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप

### जिले में दंतैल हाथियों की गतिविधि जारी

**महासमुंद।** जिले में दंतैल हाथियों की गतिविधियां जारी हैं, सोमवार सुबह एक दंतैल हाथी बोरियाझर से केशवा रोड को पार करते हुए एनएच 353 को पार करते हुए सिरगिडी और मुड़मार की और बढ़ गया। हाथी गतिविधियों की सूचना मिलते ही वन विभाग ने ग्राम सिरगिड़ी, झालखम्हरिया, मुड़पार, पतेरापाली, उमरदा, अरंड गौरखेड़ा, दलदली, सोरिद समेत आसपास के गांवों के सतर्क रहने की अलर्ट किया गया है।

### सूने मकान से 94 हजार से ज्यादा के आभूषण चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम रेवा के एक सूने मकान से 94 हजार से ज्यादा के आभूषण चोरी हो गए। बताया गया है, पूरा परिवार नवाखाई मनाने गया हुआ था। वापस आने पर चोरी होने का पता चला। इसके बाद मामले की रिपोर्ट बागबाहरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रेवा के नंदलाल दीवान और उसके भाई मुरली दीवान के घर से 12 अक्टूबर को चोरी की घटना हुई है। घटना के वक्त दोनों भाईयों का परिवार गांव के अपने पुराने घर में नवाखाई का त्यौहार मनाने गया था। वापस आने पर पता चला कि आलमारी में रखे नगदी रुपए एवं सोना चांदी के जेवरात कुल कीमत 94598 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बर्तन, सोना-चांदी चमकाने के नाम पर महिला से ठगी

**महासमुंद।** सोना-चांदी और बर्तन चमकाने के नाम पर बसना क्षेत्र के ग्राम सरायपाली की एक महिला के साथ दो लोगों ने ठगी कर ली। पुलिस ने बताया कि ग्राम सरायपाली (मेदनीपुर) की महिला नारायणी साहू से 27 अक्टूबर को सोना-चांदी बर्तन चमकाने के नाम पर दो लोगों ने ठगी कर ली। दोनों आरोपी एक मोटर सायकल में पतंजलि का प्रचार कर रहे थे और एक कागज का छोटा सा बैनर रखकर महिला के घर आए और बर्तन व सोना चांदी भी चमकाते हैं कहा। जिस पर महिला और देवरानी ने पहले एक तांबे का छोटा पूजा का लोटा दिया, जिसे उन्होंने साफ कर दिया। तभी उन्होंने कहा कि वे सोने-चांदी के जेवर भी चमकाते हैं। दोनों आरोपियों के झांसे में आकर महिलाओं ने पने सोने का मंगलसूत्र एवं सोने का टाप को दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि एक प्लास्टिक पैकेट में जिसमें पाऊडर था, जेवर को लेकर पैकेट अंदर रख दिया और 20 मिनट तक पानी में रहने देना। उसके बाद निकाल कर देखना कहा। आरोपियों ने एक रजिस्टर में महिला का हस्ताक्षर कराया और पैकेट को रखकर चले गए। महिला को शंका होने पर कुछ देर बाद पैकेट को खोलकर देखा उसमें 4 पत्थर थे। तब तक वे दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। प्रार्थिया ने बसना थाने में दो नग सोने का मंगलसूत्र व दो नग सोने का टाप कुल कीमत करीबन 80,000 रुपए को ठगी कर आरोपियों द्वारा ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।

### जांच: दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों की सघन जांच

# चलित प्रयोगशाला में 179 नमूनों की जांच में 165 मानक और 14 अमानक मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद्य सुरक्षा आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित कर जांच की गई।

जिले के अलग-अलग विकासखंडों में एसडीएम के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई एवं ज्योति भानु द्वारा निरीक्षण किया गया। चलित प्रयोगशाला की सहायता से मौके पर मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें कुछ प्रतिष्ठानों पर अवमानक खाद्य पदार्थ पाए जाने पर उन्हें विनष्ट कर विक्रय से अलग कर दिया गया। इनमें सरायपाली में 08 और 22 अक्टूबर को खाद्य अधिकारी शंखनाद भोई ने विभिन्न मिठाइयों जैसे मलाई पेड़ा, चमचम और खोवा तथा आटा का नमूना संकलित किया। चलित



प्रयोगशाला द्वारा 37 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें 33 मानक और 4 अवमानक पाए गए। अवमानक मिठाइयों को मौके पर नष्ट किया गया। 23 अक्टूबर को बसना में पनीर के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए। 43 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें से 38 मानक और 5 अवमानक पाए गए। इसी तरह 14 अक्टूबर को बागबाहरा में जलेबी, कलाकंद, मलाई कतली, पेड़ा और घी के नमूने संकलित किए गए। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। 09 और 16 अक्टूबर को पिथौरा में जय राम चावल, घी, चॉकलेट रोल, मगज लड्डू और रसगुल्ला के नमूने संकलित किए गए। 48 मिठाइयों की जांच में 46 मानक और 2 अवमानक पाए गए तथा 15, 23 और 25 अक्टूबर को महासमुंद में माउथ फ्रेशनर, बिस्किट, बालूशाही, घी और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया गया। 52 मिठाइयों की जांच में 49 मानक और 3 अवमानक पाए गए। अक्टूबर 2024 में जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों से 27 नमूने संकलित कर रायपुर प्रयोगशाला भेजे गए। चलित प्रयोगशाला द्वारा 179 नमूनों की जांच की गई, जिनमें 165 मानक और 14 अवमानक पाए गए। अवमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कर विक्रय से हटा दिया गया।

खाद्य अधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठानों को खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग न करने और तले हुए खाद्य पदार्थों को अखबारी कागज में परोसने से बचने की सख्त हिदायत दी है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत भविष्य में शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इस जांच अभियान का उद्देश्य त्योहारी सीजन में नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है, जिससे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# बागबाहराकला की महिला सरपंच अपदस्थ, 6 वर्ष तक नहीं लड़ सकेगी चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बागबाहराकला की

- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दंडाधिकारी बागबाहरा ने की पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई

सरपंच प्रीति सोनवानी को छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के अंतर्गत उनके कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में पद से हटा दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दंडाधिकारी बागबाहरा उमेश साहू द्वारा दिए गए आदेशानुसार उन्हें अगले 6 वर्षों के लिए किसी भी निर्वाचन में भाग लेने से भी निरर्हित कर दिया गया है। जारी आदेश में ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत बागबाहरा के रिपोर्ट के अनुसार 17 जुलाई 2024 से प्रीति सोनवानी ग्राम पंचायत कार्यालय से लगातार अनुपस्थित थीं। ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण बैठकों 29 जुलाई, 13 अगस्त और 9 सितंबर 2024 में उनकी गैरमौजूदगी ने पंचायत के कार्यों को बाधित किया। पंचायत की ओर से बताया गया कि सरपंच और उनके पति बिना किसी पूर्व सूचना के अपने बच्चों को रिश्तेदार के घर छोड़कर कहीं चले गए। उनके मोबाइल फोन बंद होने के कारण उनसे संपर्क करना भी संभव नहीं हो पाया। इस अनुपस्थिति के चलते पेंशन, राशन कार्ड, आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र और निर्माण कार्य जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य ठप हो गए। सरपंच प्रीति सोनवानी को उनकी अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। लेकिन, उनके निवास पर भी अनुपस्थित पाए जाने पर ग्राम कोटवार के माध्यम से चस्पा नोटिस तामील करवाई गई। नोटिस के जवाब न देने और पक्ष प्रस्तुत न करने के कारण एकपक्षीय कार्रवाई की गई। जनपद पंचायत बागबाहरा की जांच रिपोर्ट के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दंडाधिकारी ने निर्णय दिया कि सरपंच द्वारा अपने कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही और पंचायत कार्यों में उदासीनता बरती गई। यह छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 और नियम 1994 के तहत स्थायी समिति के सदस्यों की पदावधि और कार्य संचालन की प्रक्रिया का उल्लंघन है। धारा 40 (1) के तहत उन्हें सरपंच पद से पृथक कर दिया गया है और धारा 40(2) के तहत 6 वर्षों के लिए निर्वाचन लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह कार्रवाई 24 अक्टूबर 2024 को न्यायालयीन हस्ताक्षर और मुहर के साथ जारी की गई।

## वाहन टकराने को लेकर विवाद, वकील और अस्पताल संचालक के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा में स्कूटी और बुलेट की टक्कर के बाद शुरु हुए विवाद में वकील और अस्पताल संचालक के बीच मारपीट हो गई। मामले को लेकर पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि चंडी अस्पताल बागबाहरा के संचालक अशोक सिन्हा अपनी पुत्री आर्या सिन्हा के साथ 27 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे अपनी बुलेट क्र. सीजी-04-एमटी-2355 से गुपचुप खाने टाउन आए थे। जब वे वापस जा रहे थे तभी पीछे से फिरोज खान ने अपनी स्कूटी को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बुलेट को ठोकर मार दिया, वे दोनों बुलेट से नीचे गिर गए। अशोक सिन्हा ने जब गाड़ी देख कर चलाने कहा तो आरोपी फिरोज खान ने पुरानी रंजिश के चलते आवेश में आकर गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसे देखकर पीयूष पांडे बीच बचाव करने आया उसके साथ भी आरोपी फिरोज खान और उसके भाई शमशाद खान मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 281, 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

इधर दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि पेशे से वकील फिरोज खान 27 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से अपने पुत्र एवं भतीजे के साथ पटाखा दुकान जा रहा था। जैसे ही वह सुमीत बाजार के आगे पहुंचा था, तभी अशोक सिन्हा अपने मोटर सायकल को पीछे देखे बिना मोड़ रहा था, तभी उसकी स्कूटी से बुलेट टकरा गई। इसके बाद आरोपी अशोक सिन्हा अपने मोटर सायकल से नीचे उतर कर गाली गलौच करने लगा। फिरोज द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने मारपीट किया। इसी दौरान उसका साथी व आरोपी पीयूष पांडे भी आकर मारने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 281, 296, 3(5), 351(2) बीएनएस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** गनेकेरा में एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम के जितेंद्र सोनी को गांव के रंगमंच के पास युवराज भोई, दीपक सिदार, हरिशंकर साव ने बुलाया। और दीपक सिदार को हमाली का पैसा नहीं दिए कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिया। प्रार्थी ने बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर दिया है।

# अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में स्वयंसेवकों ने किया सहयोग

### शासकीय पॉलीटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा से सीखो कार्यक्रम किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला चिकित्साल में सहयोग प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम पॉलीटेक्निक के प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर, डॉ बसंत माहेश्वरी मेडिकल सुप्रीटेंडेंट, डॉ. निखिल गोस्वामी के सहयोग से संचालित की गई। माय भारत पोर्टल की पहली वर्षगांठ पर 27 से 29 अक्टूबर तक दीपावली पर आयोजित यह दीवाली माय भारत वाली थीम के अंतर्गत द्वितीय दिवस में सेवा से सीखे कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय महासमुंद में इलाज के लिए लाइन में लगे एवं जरूरतमंद




मरीजों के पंजीकरण के लिए उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल आभा एप में एंट्री करने में सहयोग प्रदान किया गया। ताकि, उपचार के लिए ऑनलाइन प्रोसेस में समय बचाया जा सके। साथ ही छात्रों द्वारा आपातकालीन स्थिति में आए मरीजों को व्हील चेयर एवं स्टेचर में मइमरजेंसी वार्ड तक लाने ले जाने में मदद किया गया एवं जरूरतमंद मरीजों को सहायता प्रदान कर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा से सीखो कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। डॉ बसंत माहेश्वरी मेडिकल सुप्रिटेंडेंट जिला चिकित्सालय ने छात्रों द्वारा आयोजित सेवा से सीखे कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही एनएसएस अधिकारी सालिक राम ढीमर ने आने वाले समय में जिला अस्पताल में और भी कार्यक्रम सेवा से सीखे थीम के तहत आयोजित करने की बात कही।

इस मौके पर वरिष्ठ स्वयं सेवक गुलशन साहू, फाल्गुन सिदार, मुस्कान साहू, गुलशन पटेल, गोवर्धन साहू, लक्की, सौरभ सिन्हा,पंकज साहू, किशन एवं अन्य स्वयंसेवकउपस्थित रहे। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन 29 अक्टूबर को धनतेरस के उपलक्ष्य में शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा यातायात पुलिस को सहयोग कर पूर्ण किया जाएगा। इस दिन बाजार में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने सहयोग किया जाएगा।

# श्रमिकों ने की बकाया भुगतान की मांग

**महासमुंद।** वर्षाकाल और ग्रीष्मकाल में नगर पालिका द्वारा अकुशल श्रमिकों के तौर पर रखे गए मजदूरों का भुगतान नही किए जाने पर श्रमिकों ने लंबित भुगतान की मांग करते हुए कलेक्टर से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्रमिकों ने बताया कि 3 माह बाद उन्हें कार्य से पृथक किए जाने के बाद भी केवल एक माह का ही भुगतान किया गया। श्रमिकों ने बताया कि माह जून 2024, जुलाई 2024 एवं अगस्त 2024 में अकुशल श्रमिक के तौर पर पाईप लाईन मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई कार्य के लिए पालिका द्वारा नियोजित किया गया। बाद में उन्हें 03 माह बाद कार्य से पृथक कर दिया गया और उक्त कार्य दिवस का पूरा पारिश्रमिक भुगतान भी नहीं किया गया। केवल 01 माह का पारिश्रमिक दिया गया है




02 माह का पारिश्रमिक भुगतान लंबित है। अस्थाई कर्मचारियों द्वारा अपने लंबित वेतन की मांग करते हुए सोमवार को पालिका कार्यालय का घेराव किया गया और लंबित वेतन भुगतान की शर्त / आश्वाशन पर ही सीएमओ को कार्यालय से मीटिंग हेतु बाहर जाने दिया गया। कर्मचारियों ने कहा कि लंबित वेतन नहीं दिए जाने पर हम पालिका का घेराव करेंगे और यदि इससे कार्य बाधित होता है तो इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि आपके पारिश्रमिक भुगतान हेतु शासन को पत्र लिखा गया है किंतु पर्याप्त राशि प्राप्त नहीं हुई है। श्रमिकों ने काम पर पुनः रखे जाने और दीपावली त्यौहार के पूर्व लंबित पारिश्रमिक के भुगतान की मांग की अन्यथा पुनः नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। श्रमिकों में पूनम कुमार, सुहानी कहर, नबीता संदरे, रेनवा सोनी, शिवानी बघेल, रीना कुलदीप, रेवती सोनवानी, कस्तुरी बघेल, शीतल आदि शामिल हैं।







# बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में हुई युवक की मौत, भाजपा सरकार बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरुचरण मंडल की मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरुचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है। सारे तथ्य बताते है कि बलरामपुर में युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। मृतक जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरुचरण मंडल को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा 4 दिनों से उसे थाने में हिरासत में रखा था। पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में हूं। पुलिस ने हमें बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से मैंने अपने बेटे को खो दिया।



अब सवाल यह है कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरुचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया। जबकि, उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस शव को जलाना क्यों चाहती थी, हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा, लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दी गई?

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच की मांग करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बनाकर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाए। मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाए। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे, गृहमंत्री को बर्खास्त किया जाए। मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि उनके गृह मंत्री की गलती नहीं है तो सरकार की नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेकर तत्काल इस्तीफा दें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## भलेसर में खाटू श्याम बाबा जन्मोत्सव 12 को

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव एवं भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत श्याम की पूजा शाम 6 बजे, भजन संध्या रात्रि 8 बजे से हनुमान मंदिर, साहड़ा चौक भलेसर में होगी। भजन संध्या में मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। श्याम सेवा परिवार भलेसर एवं समस्त ग्रामवासियों ने लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



## सीसी रोड निर्माण कार्य का सरला ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल केदुवां के ग्राम पोटापारा में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन सरला कोसरिया ने किया। साथ ही हाई मास्क लाइट एवं बोर बेल्स के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस हाई मास्क लाइट 5 लाख की लागत, बोरवेल्स 1 लाख 20 हजार रुपए की लागत से बना है, जिसका लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर केंदूवां मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, जनपद सदस्य जयंती पटेल, ग्राम पटेल सुखीराम बरिहा, सुरोतिलाल लकड़ा, हेतकुमार चौहान, जयप्रकाश चौधरी, बाबूलाल पटेल, महारथी चौहान, झलकेश चंद्रवंशी, नेतराम सिदार, सरपंच मोहरसाय यादव, गौरीशंकर पटेल आदि मौजूद रहे।

## दिवाली पर घरों, मंदिरों व दुकानों की साफ-सफाई में जुटे लोग



बिरकोनी। क्षेत्र में दीपों का पर्व ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे ही घरों, दुकानों की साफ सफाई में लोगए जुट गए हैं। युवा पीढ़ी सफाई करते नजर आ रहे है। स्कूली छुट्टी शुरू होने से बच्चे भी घरों की साफ सफाई में लगे हैं। दुकानों व मंदिरों में भी अक्सर रात को साफ-सफाई किया जा रहा है। साफ-सफाई के साथ रंग रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। वही बालिकाओं में भी सुआ नृत्य को लेकर उत्साह है। बता दें कि ग्राम बिरकोनी में 1 नवंबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए पंचायत द्वारा मुनियादी करा दी गई है। पर्व को लेकर बाजार में खरीदी बिक्री बढ़ गई है। बाजार में रंगोली, सजावटी सामान, बल्ब की खरीदारी के लिए लोगों की चहल-पहल है। कुम्हार परिवार ने भी मिट्टी के दीये व मूर्ति की दुकान सजाई है।

## पाटसेंद्री में अघरिया समाज की महासभा को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली




अखिल भारतीय अघरिया समाज परिक्षेत्र पाटसेन्द्री के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कामता पटेल के नेतृत्व में आगामी दिनों सिंघोड़ा मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले केंद्रीय समिति के महासभा को लेकर बैठक रखी गई और कई मुद्दों पर चर्चा की गई। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कामता पटेल ने बताया कि पहली बार सरायपाली अंचल में केंद्रीय महासभा का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए तैयारी हर परिक्षेत्र में जोर-शोर से की जा रही है। महासभा को सफल बनाने व बड़ी संख्या में लोगों को महासभा में जुटाने, कार्यक्रम आयोजित करने व कार्यक्रम को सफल बनाने सामाजिक बंधुओं से नगद राशि व दान के रूप में चावल इकट्ठा करने अपील की जा रही है। सभी परिक्षेत्र के सामाजिक बंधुओं, पदाधिकारियों के सहयोग से महासभा को सफल बनाने पदाधिकारियों से राय ली जा रही है।

इस अवसर पर संरक्षक त्रिलोचन पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, अंचल प्रभारी विश्वनाथ नायक, पाटसेंद्री परिक्षेत्र उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सचिव जयलाल पटेल, दुर्योधन पटेल, शिव पटेल, कृपासिंधु पटेल, पदुमलाल पटेल, धनेश पटेल, टिकनु पटेल, गिरिजा पटेल, लक्ष्मण पटेल, प्रकाश पटेल, चिंतामणी पटेल, शिशुपाल पटेल, डेहरीलाल पटेल, सुनील पटेल आदि उपस्थित थे।



## चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों का उम्दा प्रदर्शन

**महासमुंद।** शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस विभाग की ओर से 25 अक्टूबर को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय से चित्रकला में प्रथम स्थान अदिति चंद्राकर, द्वितीय हिमेश चक्रधारी और एकल नृत्य में तनीषा मोहंती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही कम समय में उम्दा प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। जिस पर शाला प्रमुख प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकार, एमडी वर्मा, जीएस ठाकुर, डॉ संध्या चंद्राकर, भेषलाल ठाकुर, दिनेश द्विवेदी, सीएल साहू, हेमंत डडसेना, मुरलीधर पटेल, त्रिवेणी साहू, एस तिवारी, भोजेश्वरी ठाकुर, घनश्याम यदु, सुधा शर्मा, प्रभा पंडा, प्रियंका ध्रुव, तृप्ति ध्रुव, सितोष जुल्फे, गरिमा भारद्वाज, नरेंद्र सिंह, हीना कुरैशी, अंजनी साहू, जेपी साहू, एलआर साहू, डॉ डी.डडसेना, पीआर साहू, पीडी मानिकपुरी, देव कुमार सोनवानी, बसंत साहू, श्वेता चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।

## कॉलेज के अलुमनी समिति को स्वरचित काव्य संग्रह भेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अलुमनी समिति को विवेक रहाटगांवकर सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं अलुमनी द्वारा स्वरचित काव्य संग्रह विरासत की पांच नग पुस्तक अलुमनी समिति एवं पांच नग पुस्तक ग्रंथालय को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के अध्ययन के लिए डॉ.अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य एवं संरक्षक अलुमनी समिति को प्रदान की। डॉ.अनुसुइया ने विरासत काव्य संग्रह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लेखन की परंपरा विरासत से प्राप्त हुई है। विरासत काव्य संग्रह में यह अनूठा संगम हमें दिखाई देता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं हिंदी शोध विभाग के शोधार्थियों के लिए यह पुस्तक अत्यंत लाभकारी होगा। उक्त भेंट के लिए अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी समिति, डॉ. रीता पांडेय संयोजक, राजकुमार राठौर, उपाध्यक्ष, डॉ दुर्गावती भारतीय सचिव, मनीष शर्मा सहसचिव, डॉ. मालती तिवारी सहसंयोजक, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष एवं अलुमनि समिति के प्रबंध कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्यों ने विवेक रहाटगांवकर के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

### टेक्नीशियन से मारपीट

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 में रहने निवासी व निजी नर्सिंग होम में डायलिसिस टेक्नीशियन के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। पुलिस को सैकत जाना ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात 10.30 बजे ड्यूटी से अपने घर गया। रात्रि लगभग 11.10 बजे आसपास स्कूटी में पत्थर मारने की आवाज आई। जब बार निकलकर देखा तो वहां पर कोई नहीं था। स्कूटी में पत्थर किसने मारा कहने पर पायल कुलदीप अपने घर से बाहर निकली और मुझे क्यों गाली दे रहा है कहकर गाली गलौच करने लगी और आवाज देकर अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। इसके बाद राजू कुलदीप और सुनीता कुलदीप ने भी आकर हाथ मुक्का से मारपीट की।बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी विनोदनी जाना को भी पायल कुलदीप लात से से मारा। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




## शांत्रीबाई कॉलेज में दीपावली पर्व पर हुई रंगोली स्पर्धा



**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में दीपावली पर्व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी अर्पित चंद्राकर एवं नौशीन सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता हुई। इसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र/छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खूब सराहना की। छात्र-छात्राओं द्वारा राम अयोध्या पुनः आगमन, राधा कृष्ण की रंगोली, मोर की रंगोली एवं विभिन्न प्रकार के आकर्षण युक्त रंगोलिया बनाई गयी। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर, बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर एवं विज्ञान संकाय विभागाध्यक्ष नारायण चक्रधारी, कला संकाय विभागाध्यक्ष आकांक्षा सिंह, कंप्यूटर संकाय विभागाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर व महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लुकेश साहू, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, रेशमलाल साहू, अर्पित चंद्राकर, नौसीन अयुबी, लता महिलांग, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं का विशेष योगदान रहा।






## खबर संक्षेप




### राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धा के लिए मयंक का चयन

**तेंदूकोना।** शहर के रिवरडेल स्कूल में अध्ययनरत छात्र मयंक पटेल राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके आधार पर छात्र मयंक का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। बता दें कि यह प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित है। छात्र मयंक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल क़े सुपुत्र है। छात्र के चयन पर बागबाहरा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू ने दी।

### शहर के नेहरू चौक में टाइमर लगाने की मांग

**महासमुंद।** जिला चैंबर ऑफ कामर्स ने शहर से गुजरे एनएच 353 नेहरू चौक के पास ट्रैफिक सिग्नल में टाईमर लगाने की मांग कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने मांग की है। खासकर सदर रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए समुचित कदम उठाने की भी मांग चैंबर ऑफ कामर्स महासमुंद ने की। इस दौरान चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष शंभू साहू, आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अजय चोपड़ा, सचिव शिरीष गंडेचा, महासचिव नीरज बिसेन, विजय त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### प्रारंभिक प्रकाशन की अधिसूचना के संबंध में दावा आपत्ति 4 तक

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के लिए प्रारंभिक प्रकाशन की अधिसूचना 28 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील एवं जनपद पंचायत पर चस्पा कर प्रकाशित किया गया है। निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी वयस्क निवासियों को इस संबंध में आपत्ति होने पर 04 नवंबर 2024 तक कलेक्टर को लिखित में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त आपत्तियों, सुझावों पर विचार कर अंतिम विनिश्चय 06 नवंबर 2024 को प्रकाशित किया जाएगा। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## सफलता की कहानी: महिला सशक्तिकरण के लिए बनी मिसाल

# शेर ग्राम की सुआ महिला समूह ने तारजाली निर्माण को बनाया आजीविका का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्रामीण अंचल की महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान की मिसाल कायम कर रही है। बिहान योजना से जुड़ी महिलाएं विभिन्न आजीविका को अपने रोजगार का साधन बना रही है। ग्राम पंचायत शेर की सुआ महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं तार जाली का निर्माण कर खेत-खलिहानों व बागड़ काम में आने वाली विभिन्न प्रकार की लोहे के तार की जाली का निर्माण कर रही। बिहान योजना से जुड़ी महिलाएं विभिन्न आजीविका को अपने रोजगार का साधन बना रही है।

स्वसहायता समूह की महिलाओं के जज्बे के आगे अब लोहा भी नतमस्तक होता प्रतीत होता है। जब महिलाएं अपने कोमल हाथों से अपनी और परिवार की अच्छी परवरिश आजीविका के रूप में फेंसिंग तार जाली का निर्माण कर रही है। इस समूह के द्वारा अब तक 3000 बंडल तार जाली का निर्माण कर लिया गया है, जिसको सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में विक्रय कर लगभग 6 लाख का आय प्राप्त कर चुकी है। समूह की अध्यक्ष दिव्या नायक बताती है कि



समूह में जुड़ने से पहले किसी दूसरे के यहां तार जाली बनाने का कार्य करने जाती थी। तक़रीबन तीन साल पहले बिहान अंतर्गत समूह से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया और समूह से जुड़ कर महिलाएं कैसे आत्मनिर्भर बन सकती है, कैसे खुद का स्वयं व्यवसाय कर सकती है, सबकी जानकारी मिली। हम सब 11 महिलाएं मिलकर सुआ महिला स्वसहायता समूह का गठन किया। गठन उपरांत समूह को आरएफ की राशि 15000 रुपए अनुदान के रूप में प्रदाय किया गया। साथ ही 2 लाख का ऋण भी समूह को प्रदाय किया गया। अन्य के यहां से तारजाली कार्य सीखने के बाद स्वयं का तार जाली बनाने का काम शुरू किया। प्राप्त ऋण से मशीन और संबंधित सामग्री खरीदी और उत्पादन करना शुरू किया। बिहान योजना से मिले सहयोग की वजह से आज हम सब बहने आत्मनिर्भर बने है।

मालूम हो कि स्व सहायता समूह की महिलाएं अक्सर सामुदायिक आर्थिक विकास के लिए साथ मिलकर काम करती हैं। समूह के माध्यम से महिलाएं संयुक्त रूप से धन जुटा सकती हैं। लोन ले सकती हैं और व्यापारिक क्रियाओं में शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा इन समूहों में महिलाएं आपस में ज्ञान और अनुभव साझा कर सकती हैं, जिससे उनका विकास होता है और उन्हें सामाजिक समरसता की दिशा में भी मदद मिलती है। ये महिलाएं विभिन्न काम करके अपने परिवारों को पालने और अपने जीवनस्तर में सुधार करने का संघर्ष कर अपनी क़स्मित बदल रही है और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस तरह के महिला समूहों की साहस, संघर्ष, और सफलता को प्रकट करती हैं, और अन्य महिलाओं को समृद्धि की ओर बढ़ने में मदद करती हैं। इन समूहों में महिलाएं साथियों के साथ आर्थिक संगठन और विकास के लिए आगे आ रही है।

## अयोध्या नगर में ईशर-गवरा विवाह महोत्सव 31 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 3 अयोध्या नगर में शंभू ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति द्वारा शंभू ईशर-गवरा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

अयोध्या नगर के शंभू ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष चमन लाल ध्रुव ने बताया कि पहले सत्र में 31 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 10 बजे महामाया तालाब से शंभू ईशर गवरा सृजन के लिए मिट्टी लाया जाएगा। महोत्सव के द्वितीय सत्र में बारात एवं कलश यात्रा रात्रि 9 बजे से कमलेश ध्रुव (शोरी) के निवास से निकाली जाएगी, जो मनराखन लाल ध्रुव (नेताम) के घर गवरा माता से विवाह करने के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां ईशर-गवरा के विवाह पश्चात कलश यात्रा के साथ ईशर-गवरा नगर भ्रमण करते हुए देर रात्रि में देव स्थल (गवरा चबूतरा) में विराजित होंगे। जहां ईशर-गवरा ईष्ट देव का सामूहिक पूजा अर्चना की जाएगी। यह पूजा अर्चना कार्यक्रम प्रातः तक चलेगा। वहीं तृतीय सत्र 1 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 7 बजे गवरा चबूतरा से ईशर-गवरा विसर्जन के लिए निकलकर नगर भ्रमण करते हुए तुमाडबरी जलाशय के लिए प्रस्थान करेगी। ईशर-गवरा विवाह महोत्सव में महासमुंद नगर के सभी श्रद्धालु भक्तों, आम नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य का लाभ लेने की अपील की है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययन कर रहे अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं।

आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 जनवरी 2025 तक एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय रहेगा। निर्धारित तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

सभी विद्यार्थी आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि कराएं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। विद्यार्थी आवेदन करते समय आधार नंबर पर पंजीकृत मोबाइल नंबर की प्रविष्टि कराएं। वर्ष 2024-25 से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाइन आवेदन करते समय की जानी है। इस संबंध में संबंधित संस्थाओं द्वारा जानकारी प्रदाय की जाएगी।

## भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण को दे रही बढ़ावा

**9वीं किस्त जारी होने से दीपावली की खुशी हुई दोगुनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ऐन दीवाली पर्व से पहले प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को सरकार द्वारा राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के हाथों महतारी वंदन की 9वीं किस्त प्रदान किया गया। एक माह में ही दो बार 1-1 हजार रुपए महिलाओं के बैंक खाते में आने से पर्व खुशी दोगुनी हो गई है।

चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरुकता की कमी को दूर करने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू किया। आज यह योजना विवाहित महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना ने प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की अब तक 9 किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना के माध्यम से कई महिलाएं आज सब्जी, भाजी बेचकर तथा अनेक स्वरोजगार अपनाकर स्वावलंबी बन रही हैं।



चंद्राकर ने कहा कि महतारी वंदन योजना कई ऐसे महिलाओं की सहारा बना, जो एकांकी जीवन व्यतीत कर रहे थे। विधवा, परित्यक्ता, निराश्रित हर वर्ग के माताओं-बहनों को अब जीवन यापन के लिए किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 70 लाख माताओं-बहनों को सशक्त बनाने का जिम्मा उठाया है।

इसके अलावा लखपति दीदी योजना भी महिला सशक्तिकरण का मिसाल बना है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने साल भर के भीतर ही प्रदेश की माताओं-बहनों के जीवन में खुशहाली लाने का अतुलनीय कार्य किया है।

# अहिल्या बाई होल्कर स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उड़ान गुड शेफर्ड सोसायटी द्वारा समाज सुधारक एवं वीर नेत्री महारानी अहिल्याबाई बाई होल्कर स्मृति दिवस मनाया गया। समाज में महिलाओं के मान सम्मान एवं महिला उत्थान में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पण किया गया। पश्चात गुड शेफर्ड स्कूल की नन्हीं बालिकाओं ने महारानी अहिल्याबाई




होल्कर की सुंदर वेशभूषा में उनके वीरता, शौर्य, बलिदान, समाज में महिलाओं के पुनरूत्थान, अविस्मरणीय योगदान को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अहिल्या बाई के गरिमामय जीवनगाथा का सजीव चित्रण किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में नारी शक्तियों की प्रतीक डॉ अनिता जी रावटे, डायरेक्टर गुड शेफर्ड स्कूल, मीना वर्मा, सुधा साहू, वृंदावन विद्यालय की डायरेक्टर सुजाता विश्वनाथन आदि मौजूद रहे। सुधा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। समाज, देश और राष्ट्र के विकास में नारी की अहम भूमिका है। डॉ अनिता जार्ज रावटे ने अहिल्याबाई बाई के अनमोल योगदानों को याद करते हुए कहा कि जब महिलाओं को बाहर जाने तक की अनुमति नहीं थी, 300 वर्ष पूर्व उस बंदिश के रहते अहिल्या बाई ने पढ़ाई की एवं विधवा, अनाथों का सहयोग किया। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने

## सीएचसी बागबाहरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर सीएचसी बागबाहरा में आयोजित किया गया। जिसमें 13 मानसिक रोगियों का इलाज किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श भी दिया गया।

शिविर में बागबहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ बी एस बढ़ाई बीएमओ, हेमकुमार सोनकर बीपीएम, मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि का सहयोग रहा।






## 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जंगलबेड़ा ने जीता फाइनल मैच

**सरायपाली।** जंगलबेड़ा में आयोजित ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में जंगलबेड़ा की टीम शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल मैच जीता। फाइनल मुकाबला जंगलबेड़ा और कलेंडा के मध्य खेला गया। जिसमें जंगलबेड़ा की टीम विजयी रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच रामलाल विशाल तथा अध्यक्षता कलेंडा सरपंच प्रतिनिधि मिनकेतन पटेल थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू मंचासीन थे। 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी 24 टीमों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गयी थी। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए नरेंद्र नायक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जीतू बेहरा, बल्लेबाज विजय, कीपर मानस सेठ तथा फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच तुलसी प्रधान रहे। समापन अवसर पर पीसीएस सचिव चुड़ामणि साहू, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जगत, संयुक्त सचिव देवदत्त बारीक, नीरदास मानिकपुरी, राकेश साहू, गिरजा शंकर स्वर्णकार, किरोटी स्वाई, खितीपति साहू, उद्धव नंद जंगलबेड़ा आयोजन समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# पीढ़ी जलाशय के शीर्ष कार्य, नहरों के लाइनिंग एवं मरम्मत के लिए मिली 5.88 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत पीढ़ी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहरों के लाइनिंग, पक्के कार्यों के मरम्मत कार्य के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिंहा के प्रयासों के चलते राज्य शासन द्वारा करीब 5.88 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे क्षेत्र में सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और किसानों को पानी की कमी नहीं होगी। इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया है।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़ रही है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी सुविधाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से हमारी सरकार कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में हमारे क्षेत्र को भी करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि पीढ़ी जलाशय में विभिन्न कार्य कराए जाएंगे, इसके लिए 5 करोड़ 88 लाख 15 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस कार्य के बाद योजना की रूपांकित सिंचाई 1073 हेक्टेयर में 232 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति होगी। साथ ही बचत जल से 30 हेक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस प्रकार कुल 1103 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे हमारे किसानों को काफी राहत मिलेगी। हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसलिए सरकार बनने के बाद से ही किसान हित में लगातार फैसले ले रही है। आगामी समय में और भी विकास कार्यों की सौगात हमारे जिले और क्षेत्र को मिलती रहेगी।

### मृतक के पुत्र को मिली सहायता राशि

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिस के लिए कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान अधिनियम के तहत सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कसहीबाहरा (मौलीमुड़ा) निवासी भुवनलाल रात्रे की मृत्यु होने पर उनके पुत्र पावन कुमार रात्रे के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

